# गाती रहूं भजनों को सांवरे यूँ ही लिखवाना तू हर बार सांवरे

गाती रहूं भजनों को सांवरे,
मैं गाती रहूँ भजनों को सांवरे,
यूँ ही लिखवाना तू,
हर बार सांवरे,
गाती रहूँ भजनों को सांवरे,
मैं गाती रहूँ भजनों को सांवरे।bd।

तर्ज – पलको का घर तैयार।

---

खाली हाथ मैं आई बाबा,
भजनों को ही सुनाया,
भजनों को प्रसाद समझकर,
तूने भोग लगाया,
तू बना ले मुझे,
अपना हार सांवरे,
गाती रहूँ भजनों को सांवरे,
मैं गाती रहूँ भजनों को सांवरे।bd।

---

भजनो को ही गाकर मैंने,
समझा तुझे सजाया,
हार समझ के इसी को बाबा,
सोचा तुझे चढ़ाया,
मैं सजाऊं तुझे,
भजनों से सांवरे,
गाती रहूँ भजनों को सांवरे,
मैं गाती रहूँ भजनों को सांवरे।bd।

---

काम बनाने खातिर मैंने,
नए नए भजन सुनाए,
बिना काम के बाबा बोलो,
भजन नहीं क्या गाए,
अब तू ही बता,
ये बात सांवरे,
गाती रहूँ भजनों को सांवरे,
मैं गाती रहूँ भजनों को सांवरे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सपना है ये मेरा बाबा,
तेरा रहूँ दुलारा,
जब भी आऊ दर पर तेरे,
भजन सुनाऊ प्यारा,
करे सेवा तेरी ‘पायल’,
दिन रात सांवरे,
गाती रहूँ भजनों को सांवरे,
मैं गाती रहूँ भजनों को सांवरे।bd।

---

गाती रहूँ भजनों को सांवरे,
मैं गाती रहूं भजनों को सांवरे,
यूँ ही लिखवाना तू,
हर बार सांवरे,
गाती रहूँ भजनों को सांवरे,
मैं गाती रहूँ भजनों को सांवरे।bd।

**Singer – Pallavi Chauhan**

---

एप्प में इस भजन को कृपया यहाँ देखे ▯

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com